
# The ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# CURRENT AFFAIR

07 - 12– 2022

WEDNESDAY



## 1. भारतीय स्टार्टअप 'खेती' को मिला द अर्थशॉट पुरस्कार 2022




स्थानीय छोटे किसानों के लिए लागत कम करने, उपज बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन की अग्रिम पंक्ति में आजीविका की रक्षा के लिए एक अग्रणी समाधान, भारतीय स्टार्टअप खेती, द अर्थशॉट पुरस्कार के पांच विजेताओं में से एक है। प्रिंस विलियम और द अर्थशॉट प्राइज ने शुक्रवार को बोस्टन में 2022 के विजेताओं का खुलासा किया - उद्यमियों और नवप्रवर्तकों का एक निपुण समूह जो ग्रह की मरम्मत और पुनः उत्पन्न करने के लिए अभूतपूर्व समाधानों का नेतृत्व कर रहा है।प्रत्येक विजेता को दूसरे वार्षिक अर्थशॉट पुरस्कार पुरस्कार समारोह में 10 लाख पाउंड के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसे रविवार को बीबीसी पर प्रसारित किया जाएगा और 5 दिसंबर को पीबीएस डॉट ऑर्ग और पीबीएस ऐप पर स्ट्रीमिंग शुरू होगी।1960 के दशक में दिवंगत अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी के मूनशॉट चैलेंज से प्रेरित, जिसने एक दशक के भीतर एक व्यक्ति को चंद्रमा पर भेजने के लक्ष्य के आसपास लाखों लोगों को एकजुट किया था। द अर्थशॉट पुरस्कार का उद्देश्य दुनिया को मजबूती से रखने वाले अभिनव समाधानों की खोज करना और उनकी मदद करना है। 2030 तक एक स्थिर जलवायु की दिशा में पथ पर - एक ऐसी दुनिया जिसमें समुदाय, महासागर और जैव विविधता सद्भाव में पनप सकते हैं।ग्रह के लिए इस महत्वपूर्ण दशक के दौरान प्रत्येक वर्ष पांच विजेताओं को हमारे ग्रह के सामने आने वाली पांच सबसे बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियों के लिए उनके अभूतपूर्व समाधान के लिए चुना जाएगा।ये पांच अर्थशॉट हैं : प्रकृति की रक्षा और पुनस्र्थापन, हमारी वायु को स्वच्छ करो, हमारे महासागरों को पुनर्जीवित करें, अपशिष्ट मुक्त विश्व का निर्माण करें और हमारी जलवायु को ठीक करें।समारोह के दौरान प्रिंस ऑफ वेल्स ने कहा, "मेरा मानना है कि आज शाम आपने जो अर्थशॉट समाधान देखे हैं, वे साबित करते हैं कि हम अपने ग्रह की सबसे बड़ी चुनौतियों पर काबू पा सकते हैं। और उनका समर्थन और विस्तार करके हम अपना भविष्य बदल सकते हैं।""आज रात के विजेताओं और फाइनलिस्टों के साथ-साथ, जिन्हें आने वाले वर्षो में खोजा जाएगा, यह मेरी आशा है कि अर्थशॉट विरासत बढ़ती रहेगी, हमारे समुदायों और हमारे ग्रह को फलने-फूलने में मदद करेगी।"

## 2. पहली भारत-मध्य एशिया राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की आयोजित की बैठक




राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार-एनएसए अजित डोभाल ने आज कहा कि मध्य एशियाई देशों के साथ संपर्क बढ़ाना भारत की मुख्य प्राथमिकता है। नई दिल्ली में भारत-मध्य एशिया के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की प्रथम बैठक के अवसर पर श्री डोभाल ने कहा कि शांतिपूर्ण, सुरक्षित और समृद्ध मध्य एशिया हमारे साझा हित में है। उन्होंने कहा कि आंतकवाद

को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने पर रोक लगाना हर किसी की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों से आग्रह किया कि आतंकी गतिविधियों में शामिल निकायों को समर्थन देने से बाज आएं। श्री डोभाल ने अफगानिस्तान में सुरक्षा स्थिति पर भी बात की। उन्होंने कहा कि यह हम सबके लिए महत्वपूर्ण मुद्दा है। भारत पहली बार कजाखस्तान, किर्गिज्स्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान सहित मध्य एशियाई देशों के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के सम्मेलन का आयोजन कर रहा है।यह सम्मेलन अफगानिस्तान में सुरक्षा स्थिति और वहां से उत्पन्न आतंकी खतरे से निपटने के तरीकों पर केंद्रित है।पाकिस्तानको स्पष्ट संदेश में श्री डोभाल ने कहा कि भारत को संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों से अपील करनी चाहिए कि सभी आतंकरोधी संधियों में विद्यमान दायित्वों को पूरा करना चाहिए

## 3. प्रधानमंत्री तीन राष्ट्रीय आयुष संस्थान देश को करेंगे समर्पित




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 दिसंबर को तीन राष्ट्रीय आयुष संस्थानों को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें गोवा स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), गाजियाबाद स्थित राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान (एनआईयूएम) और राजधानी दिल्ली स्थित राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान (एनआईएच) शामिल हैं।केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मंगलवार को यह जानकारी दी।उन्होंने कहा कि संस्थान अनुसंधान के साथ अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को और मजबूत करेंगे व बड़ी आबादी के लिए किफायती आयुष सेवाओं की सुविधा प्रदान करेंगे।यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री ने नौवीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस (डब्ल्यूएसी) का विवरण भी दिया, जिसका आयोजन गोवा के पंजिम में 8-11 दिसंबर के बीच किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि इसमें आयुष प्रणाली में निहित वैज्ञानिकता, प्रभावकारिता और क्षमता को सामने रखा जाएगा।इस अवसर पर सोनोवाल ने कहा, ‘‘इन संस्थानों की स्थापना प्रधानमंत्री के पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में बुनियादी ढांचे और मानव संसाधन के विस्तार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। इन संस्थानों के माध्यम से भारत सरकार देश के प्रत्येक नागरिक और क्षेत्र तक किफायती व बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की अपनी क्षमताओं को और मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि इन तीन राष्ट्रीय आयुष संस्थानों की स्थापना से आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी में स्नातक-परास्नातक (यूजी-पीजी) और डॉक्टरेट करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए 400 अतिरिक्त सीटें सृजित होंगी।गोवा का एआईआईए आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली के माध्यम से शिक्षा, अनुसंधान और रोगी देखभाल सेवाओं के पहलुओं में यूजी-पीजी और पोस्ट डॉक्टरल पाठ्यक्रमों के लिए उच्चतम गुणवत्ता वाली सुविधाएं प्रदान करने के लिए काम करेगा।

## 4. बंगाल की खाड़ी में आने वाला हैं चक्रवाती तूफान 'मंडौस'



बंगाल की खाड़ी में उठ रहा एक चक्रवाती तूफान छत्तीसगढ़ का मौसम बदलने वाला है। इसके प्रभाव से 8 दिसम्बर से प्रदेश के बस्तर और दुर्ग संभाग में बादल छा जाएंगे। अगले दिन तक इनका विस्तार पूरे प्रदेश में हो सकता है। संभावना जताई जा रही है कि 10 दिसम्बर को हल्की से मध्यम स्तर की बरसात हो सकती है।मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान मंडौस 8 दिसम्बर को तमिलनाडू के पास पहुंचने वाला है। यह पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश के तटा को प्रभावित करेगा। इसकी वजह से तमिलनाडु, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में भारी बरसात का अलर्ट जारी हुआ है। इसका असर छत्तीसगढ़ के मौसम पर भी पड़ेगा। रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया, इस तूफान के असर से छत्तीसगढ़ के दक्षिणी हिस्से में 8 दिसंबर को बादलों का आना शुरू हो जाएगा। यह मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ के इलाकों यानी दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर और सरगुजा संभाग तक भी पहुंचेगा।10 दिसम्बर को प्रदेश में बरसात की संभावना बन रही है। दक्षिण छत्तीसगढ़ में अच्छी बरसात हो सकती है। जबकि सरगुजा संभाग के इलाकों में बूंदाबांदी तक ही सीमित रह सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक सर्दी के मौसम में उत्तर से सूखी और ठंडी हवाओं का आना और दक्षिण से नमी युक्त हवा आकर एक बिंदु पर मिलने से बरसात की संभावना बढ़ जाती है। छत्तीसगढ़ में ऐसा 10 दिसम्बर को हाने जा रहा है।

## 5. गोब्लिन मोड' वर्ष 2022 के लिए चुना गया ऑक्सफोर्ड का वर्ड ऑफ द ईयर




ऑक्सफोर्ड वर्ड ऑफ द ईयर के नाम का ऐलान हो चुका है. ऑक्सफोर्ड डिक्शनरीज ने बताया कि ऑनलाइन वोटिंग के बाद गोब्लिन मोड को इस साल का शब्द चुना गया है. ऑक्सफोर्ड लैंग्वेज की तरफ से Oxford Word of the Year 2022 चुनने के लिए पहली बार लोगों को वोट देने का ऑप्शन दिया गया था. इस साल ऑक्सफोर्ड वर्ड ऑफ द ईयर के लिए तीन शब्द मैदान में थे. इसमें गोब्लिन मोड, मेटावर्स और हैशटैग आईस्टैंडविद शामिल थे. ऑनलाइन सर्वे में Goblin Mode को काफी पसंद किया गया और तीन लाख से ज्यादा वोट के साथ यह 93 प्रतिशत लोगों की पसंद रहा.ऑक्सफोर्ड डिक्शनरीज द्वारा गोब्लिन मोड की दी गई परिभाषा के अनुसार, 'ये एक प्रकार का व्यवहार है जिसमें व्यक्ति बिना किसी अफसोस के आत्म-अनुग्रहशील, आलसी, मैला-कुचला, या लालची होता है और आमतौर पर एक तरह से सामाजिक मानदंडों या अपेक्षाओं को अस्वीकार करता है.' पहली बार इस साल का विजेता शब्द एक जुमला या कहावत सदृश है, जिसे ऑक्सफोर्ड लैंग्वेज के डिक्शनरी लेखकों के चुने तीन अंतिम शब्दों में से जनता के वोट के माध्यम से छांटा गया है. इन तीन शब्दों में गोब्लिन मोड, मेटावर्स और हैशटैग आईस्टैंडविद शामिल थे. गोब्लिन मोड के अलावा दो शब्द Metaverse और IStandWith थे. जहां मेटावर्स का मतलब भविष्य के

कॉन्सेप्ट से जुड़ा हुआ है. हाइब्रिड वर्किंग से लेकर वर्चुअल रिएलिटी तक और ऑनलाइन फ्यूचर जैसे मुद्दों पर बहस करने के लिए लोगों ने इस शब्द का इस्तेमाल किया.वहीं, आईस्टैंडविंद का मतलब किसी को अपना समर्थन देना है. इस शब्द का इस्तेमाल लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामाजिक कार्यों या किसी मुद्दे को समर्थन देने के लिए किया.

### 6. हैदराबाद में स्थापित हुआ दुनिया का पहला गोल्ड ए टी एम



एटीएम से अब तक रुपए निकाले जाते हैं, लेकिन तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में ऐसा एटीएम शुरू किया गया है, जिससे सोने के सिक्के निकाले जा सकेंगे। सोने का कारोबार करने वाली कंपनी गोल्डसिक्का की तरफ से लगाए गए इस एटीएम के जरिए लोग डेबिट या क्रेडिट कार्ड से हाथों-हाथ सोने के सिक्के खरीद सकेंगे। यह भारत ही नहीं, दुनिया का पहला रियल-टाइम गोल्ड एटीएम है। हैदराबाद की स्टार्टअप कंपनी ओपनक्यूब टेक्नोलॉजीज के तकनीकी सहयोग से यह एटीएम लॉन्च किया गया है। इससे लोग अपनी जरूरत के मुताबिक 0.5, 1, 2, 5, 10, 20, 50 और 100 ग्राम के सिक्के खरीद सकते हैं। गोल्डसिक्का के वाइस प्रेसिडेंट प्रताप के मुताबिक पहला गोल्ड एटीएम शुरू करने के बाद कंपनी हैदराबाद के विभिन्न इलाकों में जल्द ऐसे तीन-चार एटीएम और लगाएगी। फिलहाल कंपनी का फोकस दक्षिण भारत पर है। बाद में देशभर में 3,000 गोल्ड एटीएम लगाने की योजना है। कंपनी का दूसरे देशों में भी यह सेवा शुरू करने का लक्ष्य है। गौरतलब है कि वैसे तो पूरे देश में सोने की भारी मांग है लेकिन दक्षिणी भारत के राज्यों में सोने की मांग अधिक होती है।गोल्ड एटीएम की क्षमता पांच किलो सोना रखने की है। एटीएम की एक खासियत यह भी है कि इसमें सोने की कीमत लाइव अपडेट होती रहेगी। इसमें रखे गए सिक्के 24 कैरेट और 999 प्रमाणित होंगे। एटीएम 24 घंटे चालू रहेगा। कंपनी का कहना है कि लोग अब सोने में निवेश कर रहे हैं। इससे सोने की मांग बढ़ी है। इसे देखते हुए गोल्ड एटीएम लगाने का विचार आया।

### 7. दिव्यांग विभाग गठित करने वाला महाराष्ट्र पहला राज्य



महाराष्ट्र सरकार ने दिव्यांग लोगों के लिए नया विभाग बनाने की घोषणा की है। अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस के अवसर पर शनिवार को मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य में दिव्यांगों के कल्याण के लिए अलग से दिव्यांग विभाग का गठन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि इसके लिए 1,143 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की जाएगी। सीएम शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र दिव्यांग विभाग का गठन करने वाला देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने नए विभाग के लिए 2,063 पद

सृजित किए हैं जो सभी हितधारकों के विचारों को ध्यान में रखते हुए विकलांगों के कल्याण के लिए नीतियां तैयार करेंगे।राज्य कैबिनेट की बैठक में दिव्यांग विभाग के गठन को मंजूरी दी गई थी. सरकार का कहना है कि सामाजिक न्याय और विशेष सहायता विभाग के तहत दिव्यांग लोगों के लिए नए दिव्यांग कल्याण विभाग का गठन किया जाएगा। वर्तमान में दिव्यांगों के लिए कल्याणकारी गतिविधियों का जिम्मा सामाजिक न्याय विभाग के पास है, जो इनके लिए शिक्षा, प्रशिक्षण और पुनर्वास की देखरेख करता है।

## 8. आरबीआई ने रेपो रेट 0.35% बढ़ाकर 6.25% किया




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुख्य रूप से महंगाई को काबू में लाने के मकसद से बुधवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर रेपो 0.35 प्रतिशत और बढ़ाकर 6.25 प्रतिशत कर दी। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को सात प्रतिशत से घटाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है।रेपो दर वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी फौरी जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। इसमें वृद्धि का मतलब है कि बैंकों और वित्तीय संस्थानों से लिया जाने वाला कर्ज महंगा होगा और मौजूदा ऋण की मासिक किस्त (ईएमआई) बढ़ेगी। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सोमवार से शुरू हुई तीन दिन की बैठक में किये गये निर्णय की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने टेलीविजन पर प्रसारित बयान में कहा, ''मौजूदा आर्थिक स्थिति पर विचार करते हुए एमपीसी ने नीतिगत दर रेपो 0.35 प्रतिशत बढ़ाकर 6.25 प्रतिशत करने का निर्णय किया है। रेपो दर में इस वृद्धि दर के साथ स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) दर समायोजित होकर छह प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) दर तथा बैंक दर 6.50 प्रतिशत हो गयी है। हालांकि, रेपो दर में वृद्धि की यह गति पिछली चार बार की वृद्धि के मुकाबले कम है और बाजार इसकी उम्मीद कर रहा था। आरबीआई मुख्य रूप से मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिये इस साल मई से लेकर अबतक कुल पांच बार में रेपो दर में 2.25 प्रतिशत की वृद्धि कर चुका है। इससे पहले, मई में रेपो दर 0.40 प्रतिशत तथा जून, अगस्त तथा सितंबर में 0.50-0.50 प्रतिशत बढ़ाई गयी थी। केंद्रीय बैंक नीतिगत दर पर निर्णय करते समय मुख्य रूप से खुदरा महंगाई पर गौर करता है और यह पिछले 11 महीने से रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर महीने में 6.7 प्रतिशत रही थी।

## ONE LINER

**विश्व बैंक की स्थापना किस वर्ष हुई थी –** 1944

**गौतम अडानी 2022 के लिए फोर्ब्स की परोपकार सूची में शामिल होने वाले तीन भारतीय अरबपतियों में से एक के रूप में उभरे। अन्य दो कौन हैं -** **शिव नादर और अशोक सूता**

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की पहली भारत-मध्य एशिया बैठक दिसंबर 2022 में किस शहर में आयोजित की गई थी - नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी 10 दिसंबर 2022 को 9वीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस में किस राज्य में तीन राष्ट्रीय आयुष संस्थान राष्ट्र को समर्पित करेंगे - गोवा

यक्षगान कलाकार और पूर्व विधायक कुंबले सुंदर राव का दिसंबर 2022 में निधन हो गया। कुंबले सुंदर राव निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित हैं - कर्नाटक

पीएम नरेंद्र मोदी 11 दिसंबर 2022 को किस शहर में छठी वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन करेंगे – नागपुर

भारत के उपभोक्ता टेक ब्रांड, नॉइज़ ने 4 दिसंबर 2022 को किसे अपना नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है - विराट कोहली

डॉ. बी.आर. अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर भारत 6 दिसंबर को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाता है। उनका निधन किस वर्ष में हुआ था – 1956

**QUIZ**

**1.केनरा बैंक ने ग्लोबल बैंकिंग समिट में इंडिया सेगमेंट के लिए बैंकर्स बैंक ऑफ द ईयर अवार्ड 2022 जीता है। केनरा बैंक के CEO और MD कौन हैं?**

a) दिनेश कुमार खारा

b) अतुल कुमार गोयल

c) एल वी प्रभाकर

d) संदीप बख्शी

**Explanation - :** केनरा बैंक ने वैश्विक बैंकिंग शिखर सम्मेलन में भारत खंड के लिए बैंकर्स बैंक ऑफ द ईयर पुरस्कार 2022 जीता है। केनरा बैंक ने 29 नवंबर, 2022 से 1 दिसंबर, 2022 तक लंदन, यूके में आयोजित वैश्विक बैंकिंग शिखर सम्मेलन में यह पुरस्कार जीता है।पिछले 12 महीनों में अपने संबंधित भौगोलिक क्षेत्रों में रिटर्न, रणनीति, नवाचार, प्रौद्योगिकी और उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने की क्षमता पुरस्कार के लिए निर्णायक मानदंड थे। पुरस्कार समारोह में केनरा बैंक के MD और CEO एल वी प्रभाकर ने भाग लिया।

**2 . हाल ही में मिस्र के काहिरा में आयोजित इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (ISSF) प्रेसिडेंट्स कप में किसने स्वर्ण पदक जीता?**

a) रुद्राक्ष पाटिल

b) मनु भाकर

c) सौरभ चौधरी

d) अभिषेक वर्मा

**Explanation - :** भारतीय निशानेबाज रुद्राक्ष पाटिल ने काहिरा, मिस्र में आयोजित इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन प्रेसिडेंट्स कप में स्वर्ण पदक जीता।उन्होंने 10 मीटर राइफल प्ले-ऑफ में इटली के डेनिलो सोलाज़ो को 16-8 से हराया।अक्टूबर 2022 में, उन्होंने ISSF राइफल/पिस्टल विश्व चैंपियनशिप 2022 में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण जीतने के बाद 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए देश का पहला कोटा हासिल किया।

**3 . हाल ही में "द चिपको मूवमेंट : ए पीपल्स मूवमेंट" को कमला देवी चट्टोपाध्याय NIF पुस्तक पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया है। इस पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

a) शेखर पाठक

b) शेखर सुमन

c) आयुष्मान खुराना

d) अरिजीत सिंह

Explanation - : "द चिपको मूवमेंट : ए पीपल्स मूवमेंट" को कमला देवी चट्टोपाध्याय NIF पुस्तक पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया है।यह पुस्तक इतिहासकार और कार्यकर्ता शेखर पाठक द्वारा लिखी गई है। यह पुरस्कार किसी भी राष्ट्रीयता के लेखकों द्वारा समकालीन भारत पर गैर-फिक्शन के लिए दिया जाता है और इसमें 15 लाख का नकद पुरस्कार होता है।

**4. हाल ही में 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में दोहरा स्वर्ण पदक किसने जीता?**

a) दिव्या टीएस

b) सरबजोत सिंह

c) सुमित रमन

d) गौरव राणा

Explanation - : हरियाणा के सरबजोत सिंह ने 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में दोहरा स्वर्ण जीता।सरबजोत सिंह ने व्यक्तिगत मुक़ाबले के स्वर्ण पदक मैच में वायु सेना के गौरव राणा को 16-4 से हराया और सुमित रमन और अनमोल जैन के साथ मिलकर इस स्पर्धा में टीम स्वर्ण जीता। चैंपियनशिप एमपी शूटिंग एकेडमी रेंज भोपाल में हो रही है।

**5. RBI ने जमा के आकार के आधार पर शहरी सहकारी बैंकों के लिए कितने स्तरों के नियामक ढांचे को अपनाने की घोषणा की?**

a) 02

b) 03

c) 04

d) 05

Explanation - : उनकी वित्तीय सुदृढ़ता को मजबूत करने के उद्देश्य से , RBI ने जमा के आकार के आधार पर शहरी सहकारी बैंकों के लिए चार-स्तरीय नियामक ढांचे को अपनाने की घोषणा की। एन. एस. विश्वनाथन की अध्यक्षता वाली एक विशेषज्ञ समिति ने अन्य सुझावों के साथ-साथ बैंकों की जमाराशियों के आकार और उनके संचालन के क्षेत्र के आधार पर चार स्तरीय नियामक ढांचे की सिफारिश की थी।

**6. हाल ही में महाराष्ट्र को 5 विकेट से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी किसने जीती?**

a) कर्नाटक

b) सौराष्ट्र

c) तमिलनाडु

d) मुंबई

Explanation - : सौराष्ट्र ने गुजरात के अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में महाराष्ट्र को 5 विकेट से हराया।टीम ने 2019-2020 में अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीता।फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच शेल्डन जैक्सन को दिया गया और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रुतुराज गायकवाड़ को दिया गया। विजय हजारे ट्रॉफी को रणजी वन-डे ट्रॉफी के नाम से भी जाना जाता है।

**7. भारत की कौनसी एजेंसी प्रतिबंधित पदार्थों के साथ दवाओं को सत्यापित करने के लिए एथलीटों की सहायता हेतु ऐप विकसित कर रही है?**

a) नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो

b) राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो

c) राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी

d) नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड

**Explanation - :** भारतीय राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ( NADA ) प्रतिबंधित पदार्थों वाली दवाओं को सत्यापित करने के लिए एथलीटों की सहायता के लिए ऐप विकसित कर रही है।राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी इंडिया 20 डोप नियंत्रण अधिकारियों को विकलांग एथलीटों के नमूने एकत्र करने में विशेषज्ञता के लिए संवेदनशील बनाने की प्रक्रिया में है।राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी भारत में खेलों में डोपिंग नियंत्रण कार्यक्रम के समन्वय और निगरानी के लिए जिम्मेदार है।

**8. टेस्ट क्रिकेट में 9वें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने के लिए दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन को किसने पीछे छोड़ दिया है?**

a) कगिसो रबाडा

b) मोहम्मद शमी

c) नाथन लियोन

d) मार्क वुड

**Explanation - :** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन टेस्ट क्रिकेट में 9वें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन को पीछे छोड़ दिया।उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन यह कीर्तिमान हासिल किया।नाथन लियोन के अब 440 विकेट हैं , जिससे वह स्टेन के 439 टेस्ट विकेटों के आंकड़े को पार कर गए हैं।मुथैया मुरलीधरन के नाम टेस्ट क्रिकेट में 133 मैचों में 800 विकेट लेकर सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड है।

**9. हाल ही में बैली गिफोर्ड पुरस्कार का विजेता किसे नामित किया गया?**

a) वन क्रिसमस विश

b) दा वुल्फ वाइल्डर

c) दा जेब्रा ग्रेट एस्केप

d) सुपर-इनफिनिट : द ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ जॉन डन

**Explanation -:** प्रसिद्ध ब्रिटिश लेखिका कैथरीन रुंडेल की जीवनी "सुपर-इनफिनिट : द ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ जॉन डन" को बैली गिफोर्ड पुरस्कार का विजेता नामित किया गया था।बैली गिफोर्ड पुरस्कार वर्तमान मामलों, राजनीति और कला में किसी भी देश से अंग्रेजी भाषा की किताबों को मान्यता देता है।वर्ष 2021 में, विजेता पैट्रिक रैडेन कीफ की "एम्पायर ऑफ़ पेन : द सीक्रेट हिस्ट्री ऑफ़ द सैकलर डायनेस्टी" थी।